महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक की ठोकर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

रायपुर (आरएनएस)। सिलयारी रेलवे साईडिंग के पास एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली ट्रांसफार्मर को ठोकर मार दिया। जिससे बिजली विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र कुमार साहू 31 वर्ष सिलयारी बिजली ऑफिस में कार्यरत है। बताया जाता है कि ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी 6798 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सिलयारी रेलवे साईडिंग में लगे बिजली ट्रांसफार्मर को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे बिजली विभाग को करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। छोटे उरला देशी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमा साहू 32 वर्ष शिक्षक कालोनी अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएच 1832 को छोटे उरला के देशी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

देवती कर्मा के निवास में चली गोली, एक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। सिविल लाइन स्थित वीआईपी इलाके में गोली चलने की आवाज से सनसनी फैल गई। दरअसल गोली पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास पर चली थी। तत्काल आसपास के सुरक्षा में लगे जवान पहुंचे तो माजरा समझ में आया कि गलती की वजह से घटना हुई है और इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस बारे में जो जानकारी सामने आई हैं उसके मुताबिक़ देवती कर्मा के सिविल लाइन के बंगले में सुरक्षा में लगे हुए सुरक्षा कंपनी के एपीसी राम कुमार दोहरे और प्रधान आरक्षक अजय सिंह पुलिस बैरेक में अपने हथियारो की नियमित सफ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान पिस्टल से गोली चली जिससे एपीसी की हथेली को पार कर प्रधान आरक्षक अजय सिंह के दाहिने सीने में लगी। जिससे प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मेकाहारा अस्पताल ले जाने तक मृत्यु हो गई है एवं एपीसी राम कुमार दोहरे का इलाज कराया जा रहा है।

हैवी ब्लास्टिंग से परेशान लोगो ने बंद कराया खदान का काम

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल प्रभावित व अधिग्रहित ग्राम नराईबोध के लोग इन दिनों पानी व हैवी ब्लास्टिंग की समस्या से जूझ रहे हैं अपनी मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को अवगत कराया फिर भी एसईसीएल प्रबंधन गांव की से अनजान बने बैठे हैं,आखिरकार परेशान होकर गुरुवार की सुबह गांव की महिलाएं बच्चे खदान में उतर कर खदान के मिट्टी खनन, कोयला खनन के काम को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गेवरा खदान का प्रोडक्शन किया बंद कराए। एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी सुरेश चैधरी व एसईसीएल के अधिकारियों ने खदान में हैवी बलास्टिंग को बंद कर रीपर मशीन से खुदाई कराने की बात कही, साथ ही पानी की समस्या को दूर करने नराइबोध में शुक्रवार की सुबह से ही प्रतिदिन 5 से 6 टैंकर से पानी की भेजवने की बात कही साथ ही गांव में बंद पढ़े बोर की सफाई कर नए मशीन लगाने को बात कही, खदान से पाइप लाईन द्वारा गांव के तालाब में पानी भराव करा देने व गांव में बड़ा बोर खुदाई कराने की बात पर सहमति बनी, ग्रामीणों ने बताया कि यदि एसईसीएल अपनी बातों से मुकरेगा तो गा व वाले पुनरू संपूर्ण खदान बंदी की बात करेंगे जिसकी सम्पूर्ण ज्वाबदारी एसईसीएल गेवरा प्रबंधन की होगी.

निर्वाचन में मतदान के लिए महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं युवाओं सहित हर वर्ग के नागरिकों में रहा अभूतपूर्व उत्साह एवं उल्लास

- मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए की गई चाक-चौबंद व्यवस्था
- लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनने घरों से निकले मतदाता
- बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का स्काउट-गाईड के बच्चों ने किया सहयोग
- सेल्फी जोन में मतदाताओं ने फोटो खींचा कर खुशी जाहिर की

राजनांदगांव | आरएनएस

लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनांदगांव जिले के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी बनने के लिए जिले में मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास देखने को मिला। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा एवं पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग मतदाताओं को सेवा भावना के साथ व्हील चेयर से मतदान केन्द्रों तक लाया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रही। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान कार्य का निरीक्षण करते रहे और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले में आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केन्द्रों में महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया। इसी तरह दिव्यांग मतदान केन्द्रों में दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी द्वारा मतदान कराया गया। वहीं युवा मतदान केन्द्रों में मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों की निगरानी करने के लिए 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की गई। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सहायता के लिए सहायता केन्द्र बनाए गए थे।

दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रही नि:शुल्क दिव्यांग रथ की परिवहन व्यवस्था

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी। दिव्यांग रथ के माध्यम से चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोडऩे के लिए नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी।

माँ बम्लेश्वरी की थीम पर आधारित रोपवे सेल्फी जोन में मतदाताओं ने दिखाया रूझान- लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 175-प्राथमिक शाला भवन ढारा के आदर्श मतदान केन्द्र को आकर्षक डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल थीम आधारित तैयार किया गया था।

बंधक संपत्ति को छल पूर्वक गिरवी रखने के मामले में आरोपित को न्यायालय ने भेजा जेल

रायगढ़

दिनांक 26/04/2024 को कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर फरार हुये आरोपी को चालान के साथ न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपित दिलीप खुशलानी पिता स्व0 जयराम दास खुशलानी निवासी सिंधी कालोनी पक्की खोली तिलक स्कूल के पास चक्रधरनगर रायगढ़, जिला रायगढ़ का जेल वारंट जारी किया गया जिस पर आरोपित को जेल दाखिल किया गया है।

जानकारी के अनुसार गांधीगंज रायगढ़ में रहने वाले सिध्दार्थ सांवरिया द्वारा 08 दिसंबर 2023 को थाना कोतवाली रायगढ़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि इनका रायगढ़ में रेडिमेड कपड़ों की दुकान है, जहां से विजय खुशलानी निवासी सिंधी कालोनी पक्की खोली रायगढ़ नियमित रुप से रेडिमेड गारमेंट्स कपड़ा क्रय किया जाता था, अप्रैल 2023 तक विजय खुशलानी 40 लाख रुपये का रेडिमेड कपड़े उधार क्रय किया गया था, उधार रकम एक माह में भुगतान करना बताकर अदा नहीं किये। जब उसे उधार लिये गये रेडिमेड लौटाने को कहा गया, तब उसने कपड़ों के विक्रय राशि से सिंधी कालोनी वाले मकान के निर्माण में खर्च कर देना बताया। विजय खुशलानी ने अपने भाई दिलीप खुशलानी और विजय की पत्नी आरोही खुशलानी के साथ मिलकर उधारी रकम के एवज में अपना सिंधी कालोनी का मकान लिखापढ़ी कर सिध्दार्थ सांवरिया के पास बंधक रख दिये और तीनों ने उधारी राशि देने से बचने एवं हड़प जाने के उद्देश्य से बंधक सम्पत्ति को किसी अन्य व्यक्ति के पास भी बंधक रख दिये। थाना कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 850/2023 धारा 420, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी विजय खुशलानी को 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर शपथ पत्र लेकर जमानत की शर्तों पर छोड़ा गया जिसके बाद आरोपी विवेचना में सहयोग ना कर अन्य आरोपियों के साथ फरार था। विवेचना दौरान 22 जनवरी 2024 को फरार आरोपी दिलीप खुशलानी (36 साल) को तथा 28 फरवरी को फरार आरोपी विजय खुशलानी गिरफ्तार कर प्रकरण में धारा 467, 468, 471 आईपीसी जोड़ा गया। आरोपिया आरोही खुशलानी के फरार रहने पर धारा 173(8) CrPC कार्रवाई कर आरोपित दिलीप खुशलानी के साथ चालान न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपित का जेल वारंट जारी करने पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपित को जेल दाखिल किया गया है।

बोर पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर कुदमुरा लौटे हाथियों का दल

कोरबा | आरएनएस

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा सर्किल में जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में मौजूद हाथियों का दल बीती रात आगे बढकर करतला रेंज के तराईमार गांव पहुंच गए। यहां रात में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल सुबह होने से पहले फिर वापस लौट आया और फिर कुदमुरा सर्किल के जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियों ने तराईमार गांव में उत्पात मचाने के दौरान एक ग्रामीण के खेत में लगे बोर के पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं रास्ते में बैगामार व तौलीपाली गांव में आठ कि सानों की फसल को रौंद कर पूरी तरह मटियामेट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के खेत में पहुंचने और फसल रौंदे जाने की जानकारी तौलीपाली व बैगामार के लोगों को तब लगी जब वे फसल को देखने खेतों में पहुंचे तो वहां धान फसल को लहलहाने के बजाय रौंदा हुआ पाया। मौके पर हाथियों के पैरों के निशान थे। ग्रामीणों को यह समझने में देर नहीं लगी कि हाथियों ने उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में डाकमत से मतदान प्रारंभ

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर कार्यालय और सेजेस सारंगढ़ में 26 अप्रैल से जिला स्तरीय डाक मत से वोट देने का सिलसिला शुरू हुआ है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान किया गया है जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 26, 27 और 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाक मत पत्र से वोट देने का सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल 2024 को पुलिस (गृह) विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा 26 अप्रैल से 6 मई 2024 तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दिया गया है।

लोकसभा निर्वाचन-2024... निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात 39 लोगों ने किया डाकमत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग

- 85 प्लस आयु वर्ग के लोगों के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया 27 अप्रैल से होगी शुरू

रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष के प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जहां आज पहले दिन 39 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया। इसी तरह 85 प्लस आयु वर्ग के लोगों के लिए आज 27 अप्रैल से होम वोटिंग की भी प्रक्रिया शुरू होगी। जहां जिले के ऐसे उम्र के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाकमत महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए रायगढ़ जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी)का गठन करते हुए मतदान कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक, नगर सेनानियों, अनिवार्य सेवा के मतदाताओं एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं के मतदान हेतु सुविधा केन्द्र/ पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी) कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के मतदाता 26 से 30 अप्रैल तथा 1 से 6 मई 2024 तक प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।

इसी तरह फॉर्म 12 में विधिवत आवेदन करने वाले पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र वार 29 एवं 30 अप्रैल तथा 1 मई 2024 को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक पुलिस कंट्रोल रूम चक्रधरनगर रायगढ़ में जाकर डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।

आबकारी सरसीवा टीम ने की 50 लीटर शराब, सामग्री और बाइक जब्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर शंगीता एवम कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में ग्राम गस्त के दौरान आबकारी विभाग को सूचना मिली की ग्राम हरदी से गिरसा की ओर एक व्यक्ति जो की बिना नंबर प्लेट की दो पहिया वाहन स्कूटी पकड़ा हुआ है और उसमें एक जूट बोरे में कच्ची महुआ शराब को रखा है तथा तेजी से पीपरभौना गांव से गिरसा की ओर जा रहा है। सूचना प्राप्त हुई तत्काल टीम के साथ ग्राम गिरसा पिपरभौना मार्ग पर गए हमारे वाहन को आता देख कर अज्ञात वाहन चालक तेजी से वाहन को मोड़कर वापस जाने लगा उसका पीछा किया गया पीछा करने पर वाहन चालक ने तेजी से वाहन को एक सकरी गली में ले जाया गया जहा पर पैदल ही टीम के द्वारा वाहन का पीछा किया गया। अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को खेत को पार कर नाले के पास वाहन एवम उसमे रखी सामग्री को छोड़कर भाग गया। अंधेरे के कारण उस चालक का पता नही लगा। तब टीम के साथ वहां पर उपस्थित वाहन एवम उसमे रखे सामग्री की विधिवत तलाशी ली गई तलाशी में वाहन में नंबर प्लेट नही लगा होना पाया एवम वाहन के सामने जूट के बोरे में सफेद रंग की पालीथिन झिल्ली में भरा लगभग 40 लीटर तथा वाहन के सीट के नीचे डिग्गी में भरा 05-05 लीटर के दो पालीथीन में भरा 10 लीटर कुल प्राप्त मदिरा 50 लीटर कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया मौके पर प्राप्त वाहन एवम मदिरा को जप्त कर विधिवत कब्जा आबकारी लिया गया है ।अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है वाहन चालक एवम स्वामी की पतासाजी की जा रही है 1 उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक , आबकारी आरक्षक धनेश्वर राव मगर एवम सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रुस्तम का विशेष योगदान रहा।

उमंग और हर्षोल्लास से छिंद में किया गया विविध मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

- आकर्षक स्वीप तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए कलेक्टर धर्मेश साहू और एसपी पुष्कर शर्मा

सारंगढ़ बिलाईगढ़

सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत छिंद में गुरुवार की शाम को विधानसभा स्तरीय वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में दिव्यांग और सियान मतदाताओं को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा छत्तीसगढ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में ग्रीन बुके भेट कर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों की आगवानी एनआरएलएम समूह की दीदियों और स्काउट गाइड द्वारा स्वीप तिरंगा यात्रा के जोश, उमंग और हर्षोल्लास साथ की गई और सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कलेक्टर साहू ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। यहां ग्राम छिंद एवं आसपास गांव के दाई, दीदी, भैया मन ल जय जोहार। एक भी मतदाता लोकसभा चुनाव में नहीं छूटना चाहिए। सभी उत्साह पूर्वक अपने पसंद के उम्मीदवार को बिना कोई लालच, भय, दबाव के वोट देवे। आप सभी की कोशिश होनी चाहिए कि हर हालत में अपने परिवार, आस पड़ोस सहित सभी मतदाता मतदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने कहा कि बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। फोन नंबर 1950 में फोन करके भी मतदाता की जानकारी ले सकते हैं। आगामी 7 मई को सभी लोग जरूर मतदान करें। मतदान केंद्र में सभी सरकारी सुविधा आयोग द्वारा की गई है, जिसमें रैंप, पेयजल, टेबल, बेंच, शौचालय आदि शामिल है।

कार्यक्रम में महिला एवम् बाल विकास विभाग के 25 नववधु मतदाताओं को कलेक्टर द्वारा स्वीप सुहागन किट प्रदाय किया गया। समस्त सियान, दिव्यांग मतदाताओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सह औषधियों की व्यवस्था स्वास्थ्य और आयुष विभाग द्वारा की गई। सभी मतदाताओं को कलेक्टर एवम् पुलिस अधीक्षक द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प दिलाया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU